LIVERPOOL CITY COUNCIL

# लिवरपूल सकारात्मक आयुवृद्धि योजना

# वरिष्ठ-नागरिक सर्वेक्षण

**लिवरपूल सिटी काउंसिल लिवरपूल सकारात्मक आयुवृद्धि योजना (Liverpool Positive Ageing Action Plan) 2021-2024 के लिए समुदाय की प्रतिक्रिया को आमंत्रित करता है। यह योजना एक आयु-अनुकूलित नगर बनाने के लिए दिशा-निर्देशों का समर्थन और मार्गदर्शन करेगी।**



## कृपया यह सर्वेक्षण पूरा करें

**ऑनलाइन:** listens.liverpool.nsw.gov.au

## या इसे वापिस भेजें

**ईमेल से:** ZappiaJ@liverpool.nsw.gov.au

या

**डाक से:** उपलब्ध कराए गए रिप्लाई पेड लिफाफे में (स्टैम्प की आवश्यकता नहीं), 30 अक्तूबर 2020 से पहले

पूछताछ के लिए कृपया **Josephine Zappia** को **(02) 8711 7835** पर फोन करें या **ZappiaJ@liverpool.nsw.gov.au** पर ईमेल भेजें।

**यह सर्वेक्षण लिवरपूल के वरिष्ठ-नागरिकों, उनके परिवारों, दोस्तों और देखभालकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है, और यह वरिष्ठ-नागरिकों के स्वास्थ्य व कल्याण को प्रभावित करने वाली लिवरपूल स्थानीय सरकार क्षेत्र की शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों तथा अवसरों की पहचान करने और इन्हें समझने के लिए महत्वपूर्ण है।**

“आयु-अनुकूलित परिवेश सभी आयु के लोगों को सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाता है और सभी लोगों के साथ सम्मानपूर्ण तरीके से व्यवहार करता है, चाहे उनकी आयु जो भी हो। यह एक ऐसा स्थान होता है, जहाँ वृद्धजन अपने लिए महत्वपूर्ण लोगों के साथ आसानी से जुड़े रह सकते हैं।”

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)**

**कृपया ध्यान दें कि सभी प्रश्न लिवरपूल स्थानीय सरकार क्षेत्र (एलजीए) से संबंधित हैं।**

## आपके बारे में

☐ **क्या आप एक 55+ वरिष्ठ-नागरिक हैं** **या** ☐ **क्या आप किसी वरिष्ठ-नागरिक के देखभालकर्ता के रूप में इस सर्वेक्षण को पूरा कर रहे/रही हैं?**

**क्या आप लिवरपूल स्थानीय सरकार क्षेत्र में रहते/रहती हैं?**

☐ हाँ — यदि हाँ, तो किस उपनगर में? ____________________

☐ नहीं — यदि नहीं, तो क्या आप (या यदि आप देखभालकर्ता हैं) नीचे दिए गए किसी भी उद्देश्य के लिए इस क्षेत्र में आते/आती हैं? *लागू होने वाले सभी विकल्पों पर सही का निशान लगाएँ।*

☐ रोजगार ☐ स्वयंसेवा

☐ मुलाकात ☐ अन्य ____________________

**आप, या आपसे देखभाल प्राप्त करने वाला व्यक्ति किस आयु-वर्ग में आता है?**

☐ 55-59 वर्ष ☐ 60-69 वर्ष ☐ 70-79 वर्ष ☐ 80+ वर्ष

**आप या आपसे देखभाल प्राप्त करने वाला व्यक्ति किस लिंग से अपनी पहचान करता है?**

☐ महिला ☐ पुरुष ☐ अन्य ____________________

**यदि नीचे दी गई श्रेणियों में से कोई भी श्रेणी आपके लिए या आपसे देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति के लिए लागू होती है, तो कृपया इंगित करें:**

☐ साँस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण (गैर-अंग्रेज़ी भाषी)।
कृपया अपना मूल देश बताएँ: ____________________

☐ आदिवासी और/या टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी

☐ विकलाँगता, निर्बलता या लंबे समय तक चलने वाले रोग से पीड़ित व्यक्ति

☐ विकलाँगता, निर्बलता या लंबे समय तक चलने वाले रोग से पीड़ित परिजन का/की देखभालकर्ता

☐ LGBTQI+

## गतिविधि 1 घर से बाहर के स्थान, सड़कें और भवन

*घर से बाहर के आयु-अनुकूलित स्थानों, सड़कों और भवनों में सुगम फुटपाथ और कर्ब, पदयात्रियों के लिए अनुकूल सड़कें, सुलभ पार्किंग, बाहर बैठने के लिए स्थान, छाया और आश्रय, सुलभ पार्क और पैदलमार्ग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक शौचालय होते हैं, जहाँ चलने-फिरने में वरिष्ठ-नागरिक नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं।*

**1अ) वरिष्ठ-नागरिकों को लिवरपूल में पैदल बाहर निकलने और चलने-फिरने में कैसा लगता है?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**1ब) हमारे बाहरी स्थानों, सड़कों और भवनों को वरिष्ठ-नागरिकों के लिए बेहतर बनाने के उद्देश्य से आपके पास क्या सुझाव हैं?**

## गतिविधि 2 परिवहन

*आयु-अनुकूलित परिवहन में कम कीमत का, भरोसेमंद और लगातार रूप से उपलब्ध जनपरिवहन, उपयुक्त सामुदायिक परिवहन, टैक्सी, बेहतर सड़कें (गाड़ी चलाने के लिए) और पर्याप्त पार्किंग शामिल है।*

**2अ) आप वरिष्ठ-नागरिकों के लिए जनपरिवहन प्रणाली के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**2ब) जनपरिवहन में वरिष्ठ-नागरिकों के लिए सुधार के बारे में आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*ये सुधार किफायत, सुगमता, बारंबारता, विश्वसनीयता, चालकों से सहायता, सुरक्षा या पार्किंग की उपलब्धता से संबंधित हो सकते हैं।*

## गतिविधि 3 आवास

*आयु-अनुकूलित आवास में उपयुक्त और किफायती आवासीय विकल्प, समय के साथ वरिष्ठ-नागरिकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए आवास और सुविधाजनक स्थानों पर स्थित आवास शामिल हैं।*

**3अ) आप वरिष्ठ-नागरिकों के लिए आवासीय विकल्पों के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**3ब) वरिष्ठ-नागरिकों के लिए आवासीय विकल्पों में सुधार के बारे में आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*ये सुधार किफायत, उपलब्धता, सुगमता, स्थल, रख-रखाव अथवा जीवनसाथी, संबंधी या दोस्त के साथ रहने की क्षमता से संबंधित हो सकते हैं।*

## गतिविधि 4 सम्मान और समावेश

*आयु-अनुकूलित समुदाय वरिष्ठ-नागरिकों का सम्मान करते हैं, उनकी बात सुनते हैं और उनकी सहायता करते हैं। वरिष्ठ-नागरिकों को अपने मूल्य का एहसास होता है और उनके योगदान को सार्वजनिक अभिस्वीकृति मिलती है।*

**4अ) आप वरिष्ठ-नागरिकों के लिए सम्मान, समावेश और मूल्य के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**4ब) वरिष्ठ-नागरिकों के लिए सम्मान और समावेश को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*इसमें संवाद, सहायता, गतिविधियों और कार्यक्रमों, जनस्वीकृति या अंतरपीढ़ी गतिविधियों से संबंधित पहलें शामिल हो सकती हैं।*

## गतिविधि 5 सामाजिक प्रतिभाग

*आयु-अनुकूलित समुदाय वरिष्ठ-नागरिकों को गतिविधियों और आयोजनों में मेल-मिलाप करने और शिक्षा, संस्कृति, मनोरंजन या आध्यात्मिक गतिविधियों जैसी अन्य अभिरुचियों में भाग लेने में सक्षम बनाता है।*

**5अ) आप स्थानीय समुदाय में गतिविधियों, आयोजनों और अन्य अभिरुचियों में वरिष्ठ-नागरिकों के प्रतिभाग के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**5ब) आयोजनों, सामाजिक गतिविधियों और अन्य अभिरुचियों में वरिष्ठ-नागरिकों के प्रतिभाग को बेहतर बनाने के लिए आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*सुधारों में किफायत, सुगमता, बारंबारता, आयोजन के समय, विकल्प या विज्ञापन शामिल हो सकते हैं।*

## गतिविधि 6 संचार और सूचना

*आयु-अनुकूलित संचार और जानकारी उपयोगी, सामयिक, खोजने में आसान, समझने में आसान, बड़े आकार के फॉन्ट में या आपके लिए सुलभ प्रारूप में होती है।*

**6अ) आप लिवरपूल स्थानीय सरकार क्षेत्र में काउंसिल की ओर से वरिष्ठ-नागरिकों के लिए जानकारी की उपलब्धता के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**6ब) काउंसिल से जानकारी प्राप्त करने के प्रारूप में सुधार के लिए आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*इसमें पढ़ने में आसानी, बारंबारता, वितरण, संचार की विधि से संबंधित सुधार शामिल हो सकते हैं।*

## गतिविधि 7 नागरिक प्रतिभाग और रोजगार

*आयु-अनुकूलित नागरिक प्रतिभाग और रोजगार का अर्थ स्वयंसेवा या नौकरी करने में सक्षम होना या सामुदायिक समूहों और आयोजनों में शामिल हो पाना है।*

**7अ) आप वरिष्ठ-नागरिकों के लिए स्वयंसेवा या नौकरी करने अथवा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के अवसरों के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**7ब) वरिष्ठ-नागरिकों के लिए नागरिक प्रतिभाग और रोजगार में सुधार के लिए आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*सुधारों में स्वयंसेवा के प्रकार, स्वयंसेवा या नौकरी के लिए सुगमता, प्रतिभाग के अवसरों के बारे में जानकारी शामिल हो सकती है।*

## गतिविधि 8 स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाएँ

*आयु-अनुकूलित स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाएँ (आपको स्वतंत्र रूप से जीवन जीने में सहायता देने वाली सेवाएँ) विशेषकर घर में रहने वाले वरिष्ठ-नागरिकों के लिए समर्थन और स्वास्थ्य सेवाओं (जैसे, देखभाल प्रदाताओं, चिकित्सीय व्यावसायिकों, चिकित्सीय सहायता के उपकरणों) की सुलभता के लिए सहायता प्रदान करती हैं।*

**8अ) आप वरिष्ठ-नागरिकों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**8ब) वरिष्ठ-नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाने के लिए आपके पास क्या सुझाव हैं?**
*इसमें उपलब्ध सेवाओं के प्रकार, सुगमता, किफायत, प्रतिक्रिया के समय या स्थल से संबंधित सुधार शामिल हो सकते हैं।*

पीछे पलटें



**9) कुल मिलाकर आप लिवरपूल स्थानीय सरकारी क्षेत्र की आयु-अनुकूलनीयता के स्तर को कैसा मानते/मानती हैं?**

- ☐ बहुत अच्छा
- ☐ अच्छा
- ☐ औसत
- ☐ खराब
- ☐ बहुत खराब
- ☐ अनिश्चित

**क्या लिवरपूल को आयु-अनुकूलित नगर के रूप में बेहतर बनाने के लिए आपके पास कोई अतिरिक्त प्रतिक्रिया या सुझाव हैं?**

## वैकल्पिक

**लिवरपूल सकारात्मक आयुवृद्धि योजना 2021-2024 के बारे में अपडेटों के लिए कृपया अपना विवरण प्रदान करें।**

नाम

फोन

ईमेल

☐ यदि आप लिवरपूल स्थानीय सरकारी क्षेत्र में काउंसिल के समाचार और घटनाओं के बारे में अपडेट प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो यहाँ सही का निशान लगाएँ।

**इस सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए धन्यवाद।**









# और अधिक जानकारी के लिए

**हमारे कार्यालय में आएँ**
*ग्राहक सेवा केंद्र*
Ground Floor, 33 Moore Street, Liverpool, NSW 2170
खुलने का समय: सोमवार - शुक्रवार, सुबह 8.30बजे – शाम 5बजे

**फोन**
1300 36 2170
अन्य राज्यों से कॉल: (02) 8711 7000
राष्ट्रीय रिले सेवा (NRS): 133 677
(सुनने और बोलने की बाधित क्षमता वाले सेवार्थियों के लिए)

**ईमेल**
lcc@liverpool.nsw.gov.au

**डाक**
Locked Bag 7064, Liverpool BC, NSW 1871

**वेबसाइट**
www.liverpool.nsw.gov.au

**सदस्य बनें**
www.liverpool.nsw.gov.au/subscribe